समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Sunday, 20 September 2026

# इंग्लैडं टीम मे 4 साल बाद जोफ्रा आर्चर की वापसी, भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट मे मचाएंगे कहर ?

Publisher

Published on 27 Jun 2025



## भारत और इंग्लैडं के बीच दूसरे टेस्ट मे जोफ्रा आर्चर की होगी जोरदार वापसी, 4 साल बाद रेड बॉल क्रिकेट मे कंर सकते है धमाकेदार एंट्री।

**नई दिल्ली, 28 जून 2025:** भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की **टेस्ट सीरीज** का दूसरा मुकाबला 2 जुलाई से **बर्मिंघम के एजबैस्टन** मैदान पर खेला जाएगा। पहले टेस्ट में भारत को 5 विकेट से हार का सामना करना पड़ा था, जिससे इंग्लैंड ने सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। इस बीच, दूसरे टेस्ट मैच से पहले इंग्लैंड की टीम में बड़ा बदलाव देखने को मिला है— **4 साल बाद घातक तेज गेदंबाज जोफ्रा आर्चर** की टेस्ट टीम में वापसी हुई है।

**जोफ्रा आर्चर की धमाकेदार एंट्री**
**जोफ्रा आर्चर** आखिरी बार 2021 में भारत दौरे के दौरान टेस्ट टीम का हिस्सा थे। उसके बाद कोहनी की सर्जरी और पीठ में स्ट्रेस फ्रैक्चर के चलते वे लंबे समय तक क्रिकेट से दूर रहे। इस दौरान उन्होंने इंग्लैंड के लिए **व्हाइट बॉल क्रिकेट** में भी सिर्फ 7 मैच ही खेले।

अब **इंग्लैडं क्रिकेट बोर्ड** ने पुष्टि की है कि जोफ्रा पूरी तरह फिट हैं और मानसिक रूप से भी टेस्ट क्रिकेट के लिए तैयार हो रहे हैं। खुद आर्चर ने कहा, "शारीरिक रूप से मैं ठीक हूं, लेकिन टेस्ट फॉर्मेट के लिए मानसिक रूप से तैयार होना सबसे बड़ा चैलेंज है।"

**इंग्लैडं की दूसरी टेस्ट के लिए घोषित टीम :**

**कप्तान : बेन स्टोक्स, जोफ्रा आर्चर, शोएब बशीर, जॅकब बेथेल, हॅरी ब्रूक, ब्रायडन कार्स, सॅम कुक, जॅक क्राउली, बेन डकेट, जेमी ओवर्टन, ओली पोप, जो रूट, जेमी स्मिथ, जोश टंग, क्रिस वोक्स**

भारत बनाम इंग्लैंड टेस्ट सीरीज 2025 – पूरा शेड्यूल:

१. **पहला टेस्ट : 20–24 जून 2025**

२. **दूसरा टेस्ट : 2–6 जुलाई 2025 (बर्मिंघम)**

३. **तीसरा टेस्ट : 10–14 जुलाई 2025**

४. **चौथा टेस्ट : 23–27 जुलाई 2025**

५. **पाँचवां टेस्ट : 31 जुलाई–4 अगस्त 2025**

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.